# विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

***मुक्तेश्वर २२ मार्च* :-** भा.कृ.अनु.प.—खुरपका मुँहपका रोग निदेशालय, भुवनेश्वर, ओडिशा ने "विश्व जल दिवस" कार्यक्रम का आयोजन २२ मार्च २०२२ किया। कार्यक्रम का विषय "भूजल, अदृश्य को दृश्यमान बनाना" इसके अंतर्गत मुक्तेश्वर परिसर में "जागरूकता एवं पारस्परिक विचार—विमर्श" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके प्रारम्भ में प्रभारी वैज्ञानिक महोदय द्वारा पौधरोपण किया तथा इसके साथ साथ जल निकासी (नाली) की साफ सफाई व स्वच्छता अभियान किया गया। इस कार्यक्रम के उपरान्त संस्थान के मुख्य कार्यालय भुवनेश्वर में महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ आर. पी. सिंह, निदेशक महोदय, द्वारा समस्त वैज्ञानिकों, अधिकारी व कर्मचारियों को जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण की विभिन्न विधियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत डॉ जे.के. महापात्र, प्रधान वैज्ञानिक ने भुवरेश्वर परिसर की महानदी जल प्रकल्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी व बताया की हम किस तरह अपने घरो में पानी का संरक्षण कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ सी. जाना, प्रधान वैज्ञानिक. मुक्तेश्वर ने इस बात पर प्रकाश डाला की हम किस प्रकार अपने प्रयोगशाला में स्थित डिस्टेलशन प्लांट से जल को रीसायकल कर इस्तेमाल कर सकते है या नयी तकनीकों को इस्तेमाल कर जल का संरक्षण किया जा सकता है। इसके उपरान्त डॉ एम. राउत, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा पशुधन उत्पादन में पानी का महत्व एवं जल के संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारी, कर्मचारियों, आर ए एवं एस आर एफ ने भाग लिया तथा जल के उचित उपयोग, प्रदूषण रहित जल के विषय पर संक्षिप्त में अपने विचार व अनुभव प्रदान किए। कार्यक्रम मे 27 प्रतिभागी समलित हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉ एन.आर. साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।







जागरूकता एवं पारस्परिक विचार–विमर्श कार्यक्रम का आयोजन